गौहाटी कॉमर्स कॉलेज के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान कार्यक्रम में माननीय राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया का भाषण

दिनांक 10 सितंबर 2023, रविवार	**समय : 12:00 PM**	**स्थान : डॉ. भगवान चन्द्र लहकर ऑडिटोरियम**

- गौहाटी कॉमर्स कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. होमेश्वर कलिता जी,
- उप-प्रधानाचार्य डॉ. अमरेंद्र तालुकदार जी,
- ALCOM के अध्यक्ष श्री अनिल गोयनका जी,
- कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथिगण
- कॉलेज के सम्मानित प्राचार्य एवं कर्मचारीगण
- मीडिया के हमारे मित्रों
- और मेरे प्यारे विद्यार्थियों

सर्वप्रथम आप सभी को गौहाटी कॉमर्स कॉलेज के 62वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई और अभिनन्दन। मैं इस मौके पर "राज्यपाल के उत्कृष्ट पुरस्कार" से सम्मानित होने वाले मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देता हूं और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

मित्रों,

शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ाने के लिए शिक्षण संस्थानों और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना जरूरी होता है। आज हम सभी इसी उद्देश्य यहां उपस्थित हुए हैं। गौहाटी कॉमर्स कॉलेज पूर्वोत्तर के प्रतिष्ठित महाविद्यालयों में से एक है। इसकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के विकास को प्रोत्साहित करना मेरे लिए सौभाग्य और सम्मान की बात है।

छात्र-छात्राओं की सफलता किसी भी संस्थान की गुणवत्ता और विकास का मापदंड होता है। मुझे खुशी है कि यह महाविद्यालय अपने मेधावी विद्यार्थी की सफलता की बदौलत समाज और लोगों के जीवन पर एक अमिट छाप छोड़ने में सक्षम हआ है।

10 सितम्बर 1962 में शुरू हुआ यह कॉलेज पिछले कुछ दशकों में लगातार विकसित हुआ है। इसने बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं, चार्टर्ड अकाउंटेंट, वकील, व्यवसायी, उद्यमी, कंपनी सचिव और कई अन्य पेशेवरों को तैयार किया है, जो पूरे भारत में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

मुझे बताया गया है कि स्नातक कक्षाओं के परीक्षा परिणामों ने हमेशा इस कॉलेज के छात्रों की प्रतिभा को प्रदर्शित किया है। गौहाटी कॉमर्स कॉलेज के वाणिज्य और प्रबंधन विषय में स्नातकोत्तर की भी सफलता की कहानियाँ रही हैं।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार और व्यावसायिक विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता बढ़ी है। इसके लिए शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करना और बढ़ावा देना बहुत आवश्यक है।

मुझे यह जानकर खुशी हुई कि असम के पूर्व राज्यपाल श्री जगदीश मुखी जी ने शिक्षण संस्थानों के मेधावी विद्यार्थियों के लिए “राज्यपाल के उत्कृष्ट पुरस्कार” नाम से एक वार्षिक पुरस्कार शुरू किया। यह एक सराहनीय कदम है। इससे मेधावी छात्रों को न सिर्फ आर्थिक सहयोग, बल्कि प्रोत्सहान मिलेगा। इस पुरस्कार का उद्देश्य उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करना, छात्र के प्रयासों की सराहना करना और अन्य छात्रों को भी आगे आने और अपना उत्साह दिखाने के लिए प्रेरित करना है।

इस वर्ष भी बी.कॉम., एम.कॉम., बीबीए और एमबीए के परीक्षा परिणामों ने एक बार फिर कॉलेज के छात्रों, शिक्षकों और अन्य सभी लोगों को गौरान्वित किया है। इस बार कृष्ण महेश्वरी, इशिका महंत, कृष्णाखी चक्रवर्ती और नौरीन रहमान ने प्रथम रैंक हासिल कर महाविद्यलय का मान बढ़ाया है। आज के कार्यक्रम में इन चार मेधावी विद्यार्थियों को उनकी कड़ी मेहनत और सफलता के लिए सम्मानित किया जाएगा। ऐसे पुरस्कार निश्चय ही मेधावियों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।

मित्रों,

छात्रों द्वारा परीक्षा में शानदार परिणाम हासिल करने और पेशेवर जीवन में सफलता प्राप्त करने की उनकी उपलब्धि समाज के स्थिर आर्थिक और सामाजिक स्वास्थ्य को दर्शाती है। इसलिए पूर्वोत्तर भारत का पूरा शिक्षा जगत गौहाटी कॉमर्स कॉलेज की परीक्षा परिणामों पर उत्सुकता से नज़र रखता है।

मैं मानव संसाधनों के मंथन और ज्ञान आधारित समाज के निर्माण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इस संस्थान को बधाई देता हूं। मैं स्नातक और स्नातकोत्तर श्रेणी में राज्यपाल के उत्कृष्ट पुरस्कार से इन प्रतिभाशाली युवाओं को प्रोत्साहित करना अपना सौभाग्य मानता हूं। मुझे उम्मीद है कि इससे उन्हें प्रोत्साहन मिलेगा और कड़ी मेहनत एवं शिक्षा के माध्यम से अपने जीवन में सफलता की सीढ़ियां चढ़ते चले जाएंगे।

स्वामी विवेकानन्द ने कहा था, "हम वह शिक्षा चाहते हैं, जिससे चरित्र का निर्माण हो, मन की शक्ति बढ़े, बुद्धि का विस्तार हो और जिससे व्यक्ति अपने पैरों पर खड़ा हो सके।" मुझे पूर्ण विश्वास है कि गौहाटी कॉमर्स कॉलेज अपनी शिक्षा प्रणाली को इस दिशा में ही आगे बढ़ाएगा।

अंत में, मैं शिक्षा के प्रसार और ज्ञान के सृजन के लिए खुद को समर्पित करने के लिए गौहाटी कॉमर्स कॉलेज की हृदय से प्रशंसा करता हूं। साथ ही मैं कॉलेज के प्रबंधकों और शिक्षण बिरादरी को शिक्षा के नए आयाम खोलने के उनके प्रयास के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

धन्यवाद !

जय हिन्द !